# एडवांस बुकिंगः तबाही बने यश




**यश** की टॉक्सिक टॉक्सकि को रलीज होने में अब सर्फि 7 दिन बचे हैं। भारत में जहां रलीिज से 5 दिन पहले प्री-बुकिंग शुरू होगी, वहीं अमेरिका में टिकटों की एडवांस बुकिंग ने धूम मचा रखी है। गीतू मोहनदास के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म के लिए अमेरिका में 1.20 लाख डॉलर की बुकिंग हो चुकी है।

4 साल बाद यश की कमबैक फिल्म टॉक्सिक बुधवार, 26 अगस्त को रिलीज होने वाली है। गीतू मोहनदास के डायरेक्शन में बनी इस क्राइम-थ्रलिर-एक्शन को लेकर फैंस की बेताबी देखने लायक है। खासकर फिल्म के टीजर और ट्रेलर को देखने के बाद बेसब्री बढ़ गई है। अब जब फिल्म को रिलीज होने में एक हफ्ते का वक्त बचा है, तो हर किसी की नजर इसकी एडवांस बुकिंग पर है। भारत में हालांकि टॉक्सकि की एडवांस बुकिंग 21 अगस्त से शुरू होने वाली है, लेकिन अमेरिका में प्री-बुकिंग शुरू हो चुकी है। खास बात यह कि वहां फिल्म ने आधकिारिक तौर पर प्री-सेल्स से 1,20,000 डॉलर की कमाई कर ली है, जबकि अभी 7 दिन बाकी हैं।

टॉक्सिक एक फेयरीटेल फोर ग्रोन अप्स की कहानी यश और गीतू मोहनदास ने मिलकर लिखी है। यश इसके को-प्रोड्यूसर भी हैं। जबकि फिल्म में उनके साथ नयनतारा, कियारा आडवाणी, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और रुक्मणिी वसंत जैसी 5 हसीनाओं की तगड़ी कास्ट है। एक तरफ जहां फिल्म के टीजर-ट्रेलर में दिखाए गए इंटीमेट सीन्स पर पहले से ही शोर मचा हुआ है, वहीं इसका 850 करोड़ से 1000 करोड़ का बजट भी चर्चा में है।

अमेरिका की वेंकी बॉक्स ऑफिस की रिपोर्ट के मुताबिक, यूएसए में टॉक्सकि की एडवांस बुकिंग ने आधिकारिक तौर पर 1,20,000 डॉलर की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है, जबकि इसके प्रीमियर में अभी सात दिन बाकी हैं। फिल्म ने 204 लोकेशन और 589 शोज में 1,21,258 डॉलर यानी 1।16 करोड़ की कमाई की है। अब तक नॉर्थ अमेरिकन मार्केट में फिल्म के 5,550 से यादा टिकट बिक चुके हैं और हर दिन करीब 10,000 डॉलर की बुकिंग हो रही है। भारतीय ट्रेड एनालिस्ट्स मानकर चल रहे हैं कि ज्ञश्र×द्बष की रिलीज के साथ ही यश के नाम एक नया रिकॉर्ड बन सकता है। यदि उनकी यह कमबैक फिल्म पहले दिन दुनिया भर में 100 करोड़ से यादा की ओपनिंग करती है, तो यश वर्ल्डवाइड 100 करोड़ से ज्यादा की ओपनिंग वाली फिल्मों की एक हैट्रिक लगा सकते हैं। यह अपने आप में एक दुलर्भ कीर्तिमान होगा। खासकर तब, जब उनकी अगली फिल्म रामायणम्- है और उससे भी ऐसी ही उम्मीद है।

हालांकि, इस वक्त प्रभास भारतीय सिनेमा के इकलौते एक्टर हैं जिन्होंने 100 करोड़ की ओपनिंग वाली फिल्मों की हैट्रिक लगाई है। प्रभास एकमात्र ऐसे इंडियन एक्टर हैं, जिनकी आदिपुरुष (128।08 करोड़), सालार (158।12 करोड़), कल्कि 2898 एडी (177।72 करोड़) और द राजा साब (100।20 करोड़) जैसी फिल्मों ने यह कारनामा किया है।

खैर, अमेरिका में बंपर एडवांस बुकिंग के राय-वार आंकड़ों पर नजर डालें, तो टेक्सास सबसे आगे है, जहां 157 शोज के लिए लगभग 1,984 टिकट बिक चुके हैं और 47,000 डॉलर की कमाई हुई है। इसके बाद कैलिफोर्निया दूसरे नंबर पर है, जहां 888 टिकटों से 19,244 डॉलर की कमाई हुई है। जॉर्जिया, वॉशिंगटन और न्यू जर्सी जैसे क्षेत्रों में भी फिल्म को लेकर अछी हलचल है और हर क्षेत्र से कुल कमाई में 4,000 डॉलर से यादा का योगदान है। अमेरिकी थएिटर चेन्स में सिनेमार्क अभी एडवांस बुकिंग में सबसे आगे है, जिसके शोज के लिए अकेले 98,128 डॉलर की बुकिंग हो चुकी है। सबसे मजेदार अमेरिका में अलग-अलग भाषा के लिए टिकटों की बिक्री का आंकड़ा है। यश कन्नड़ फिल्मों से ताल्लुक रखते हैं। लेकिन अमेरिका में सबसे अधकि कमाई टॉक्सकि के तेलुगू डब वर्जन की एडवांस बुकिंग से हो रही है। इसके अब तक 3,052 टिकट बिके हैं और 66,896 डॉलर की कमाई हो चुकी है। हालांकि, कन्नड़ वर्जन भी ज्यादा पीछे नहीं है और 2,498 टिकटों से 54,363 डॉलर की कमाई कर चुका है। इससे यह तो साफ है कि चत्नस्र फ्रैंचाइजी ने यश की फैनडम को जबरदस्त तरक्की दी है।



# सीता बनीं अजंलि अरोड़ा! यूजर्स बोले- घोर कलयुग...

**कच्चा** बादाम गर्ल अंजलि अरोड़ा अब जल्द ही बड़े पर्दे पर माता सीता के किरदार में नजर आने वाली हैं। फिल्म 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' 25 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। हाल ही में फिल्म का टीजर आया और इसके साथ ही अंजलि की कास्टिंग को लेकर सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई।टीजर में अंजलि को सीता के रूप में देखने के बाद कुछ यूजर्स ने उनकी पुरानी कंट्रोवर्सी का हवाला देते हुए मेकर्स पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। सोशल मीडिया पर कुछ लोग लिख रहे हैं कि- घोर कलयुग है, अंजलि को सीता कैसे बना दिया वहीं कुछ यूजर्स फिल्म से उन्हें हटाने की मांग भी कर रहे हैं।अंजलि का सीता लुक पहली बार अक्टूबर 2025 में सामने आया था। उस समय भी सोशल मीडिया पर उनकी कास्टिंग को लेकर काफी आपत्ति जताई गई थी। कुछ यूजर्स ने उनकी पुरानी बोल्ड तस्वीरों और सोशल मीडिया इमेज को आधार बनाकर सवाल उठाए थे। मेकर्स के साथ-साथ अंजलि को भी जमकर ट्रोल किया गया था। अब टीजर रिलीज होने के बाद एक बार फिर वही बहस तेज हो गई है।अंजलि अरोड़ा को सबसे पहले 'कच्चा बादाम' गाने पर डांस करने वाले वायरल वीडियो से जबरदस्त पहचान मिली थी। वीडियो वायरल हुआ तो वह सोशल मीडिया स्टार बन गईं, लेकिन इसी के साथ उन्हें ट्रोलिंग का सामना भी करना पड़ा। बाद में अंजलि को कंगना रनौत के रियलिटी शो 'लॉक अप' में हिस्सा लेने का मौका मिला। शो में उनकी पर्सनैलिटी और कंटेंट के साथ-साथ कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी के साथ उनकी दोस्ती भी खूब चर्चा में रही।

# ऑडिशन देने गई एक्ट्रेस के साथ हुई थी गलत हरकत...

**आम्रपाली** गुप्ता टीवी का जाना माना नाम हैं। वो टेलीविजन पर निगेटिव रोल के लिए जानी जाती हैं। आज उनके पास घर, गाड़ी और दौलत सब है। आज भले ही एक्ट्रेस अच्छी लाइफ जी रही हैं, लेकिन करियर के शुरुआती दिनों में उन्होंने कई सारी मुश्लिकें और रिजेक्शन झेला है। आम्रपाली कास्टिंग काउच का शिकार होते-होते भी बच चुकी हैं। टेली मसाला को दिए इंटरव्यू में उन्होंने अपना दर्दनाक अनुभव शेयर किया है। एक्ट्रेस ने कहा कि जब मैं मुंबई आई थी तो ऐसे ही ऑडिशन देने चली जाती थी। फिर मेरे दोस्तों ने मुझसे कहा कि थोड़ा तैयार होकर जाया करो। इसके बाद मैं रेडी होकर ऑडिशन देने जाने लगी। मैं एक म्यूजिक वीडियो का ऑडिशन देने गई थी। बहुत ही छोटा सा रूम था। हम सबको बुलाया गया था। आम्रपाली ने कहा कि मैं कमरे के अंदर गई और एक आदमी ने मेरा हाथ पकड़ लिया। मैं डर गई थी। मुझे लगा कि पता नहीं अब ये क्या करेगा। वो कहती हैं कि मुझे समझ नहीं आया कि ऐसे मौके पर क्या करना चाहिए, तो मैं वहां से भाग गई। उस वक्त मेरा दोस्त मेरे साथ था। मैं जहां भी ऑडिशन के लिए जाती थी। उसे लेकर जाती थी। उस वक्त मैं वहां से भागी और दौड़कर अपने दोस्त को गले लगा लिया। आम्रपाली ने कहा कि इसी वजह से मैं इन सारी चीजों का शिकार होते-होते बची हूं। क्योंकि मेरा एक दोस्त हमेशा मेरे साथ रहा है। आम्रपाली की निजी जिंदगी की बात करें, तो उन्होंने एक्टर यश गुप्ता से शादी रचाई है। कपल को एक भी है, जिसका नाम कबीर सिन्हा है।



# अक्षय बने असुरों के गुरु... दिखा खौफनाक अवतार

**'धुरंधर'** के रहमान डकैत बनकर लोगों का दिल जीतने वाला अक्षय खन्ना अब एक नए किरदार में नजर आएंगे। वो मूवी 'महाकाली' में असुरगुरु शुक्राचार्य के रहस्यमयी रोल में दिखेंगे। 24 अगस्त को फिल्म की नई झलक रिलीज होगी, जिससे उनके बदले अवतार को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है।

अक्षय खन्ना का अगला प्रोजेक्ट 'महाकाली' है, जिसमें वो अलग अंदाज में दिखेंगे। यह फिल्म प्रशांत वर्मा सिनेमैटिक यूनिवर्स यानी पीवीसीयू का हिस्सा है। फिल्म का निर्देशन पूजा कोल्लुरु कर रही हैं और इसमें भूमि शेट्टी मुख्य भूमिका में हैं। अक्षय खन्ना फिल्म में असुरों के गुरु शुक्राचार्य का किरदार निभा रहे हैं। यह फिल्म अक्षय खन्ना के तेलुगू सिनेमा डेब्यू के तौर पर भी खास है। शुक्राचार्य इंडियन माइथोलॉजी स्टोरी में असुरों के गुरु के रूप में जाने जाते हैं। फिल्म में इसी माइथोलॉजिकल किरदार को एक रहस्यमयी और प्रभावशाली अंदाज में पेश किया जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनका किरदार कहानी में अहम भूमिका निभाता है और नायक के सामने एक बड़ी चुनौती के तौर पर दिखाई देगा। 'महाकाली' से अक्षय खन्ना का लुक पहले ही सामने आ चुका है। अभिनेता को लंबी सिल्वर दाढ़ी, लंबे बाल और साधु जैसे परिधान में दिखाया गया था। उनका लुक इतना बदला हुआ था कि पहली नजर में उन्हें पहचानना मुश्किल हो रहा था। पोस्टर में उनकी आंखों और चेहरे के भाव किरदार की रहस्यमयी और शक्तिशाली छवि को उभारते हैं। 20 अगस्त 2026 को सामने आई ताजा जानकारी के मुताबिक, मेकर्स ने 24 अगस्त के लिए एक खास घोषणा की है। '24 अगस्त- द एंड बिगिन्स' के संदेश के साथ फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ाई गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस दिन 'महाकाली' की पहली झलक यानी ग्लिम्प्स सामने आ सकता है।

# फिल्म लव एंड वॉर में दीपिका की एंट्री



**संजय** लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में दीपिका पादुकोण के कैमियो की खबरों ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी हैय रेडिट पर एक पोस्ट वायरल हो रही है, जिसमें दिखाया गया कि आईएमडीबी पर फिल्म की स्टारकास्ट में दीपिका का नाम दर्ज है। इसके बाद से ही फैंस के बीच चर्चा तेज हो गई है कि क्या दीपिका एक बार फिर भंसाली के साथ काम करने जा रही हैं। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक इस खबर को कन्फर्म नहीं किया है।

नई दिल्ली। संजय लीला भंसाली की अपकमिंग फिल्म 'लव एंड वॉर' को लेकर सोशल मीडिया पर अफवाहों का बाजार गर्म है। अब चर्चा है कि इस फिल्म की स्टारकास्ट में दीपिका पादुकोण का नाम भी जुड़ गया है। उनका 'लव एंड वॉर' में एक शानदार कैमियो होने वाला है। रेडिट पर एक पोस्ट को लेकर दावा किया जा रहा है कि विकिपीडिया और आईएमडीबी पर फिल्म की स्टारकास्ट में दीपिका का नाम भी शामिल है। हालांकि, मेकर्स की तरफ से इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, फिर भी फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

वायरल रेडिट पोस्ट में आईएमडीबी और विकिपीडिया के स्क्रीनशॉट्स शेयर किए गए हैं। लेकिन चूंकि इन दोनों ही प्लेटफॉर्म्स पर कोई भी यूजर जानकारी एडिट कर सकता है, इसलिए फिलहाल दीपिका के फिल्म में होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

**वायरल पोस्ट ने फैंस के बीच मचाई खलबली**
इस वायरल पोस्ट ने इंटरनेट पर एक नई बहस को जन्म दे दिया है। एक तरफ जहां फैंस दीपिका को 'लव एंड वॉर' में आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विक्की कौशल के साथ एक ही फ्रेम में देखने के लिए बेताब हैं, वहीं दूसरी तरफ समझदार यूजर्स का कहना है कि विकिपीडिया की खबरों पर आंख मूंदकर भरोसा नहीं करना चाहिए।

**'लव एंड वॉर' में दीपिका पादुकोण का स्पेशल डांस नंबर**-कुछ सिनेमा प्रेमियों का कयास है कि अगर यह खबर सच होती है, तो हो सकता है दीपिका सिर्फ एक स्पेशल डांस नंबर में नजर आएं। संजय लीला भंसाली की पुरानी फिल्मों का हवाला देते हुए एक यूजर ने लिखा, 'हो सकता है यह 'राम लीला' में प्रियंका चोपड़ा या 'गंगूबाई' में हुमा कुरैशी की तरह सिर्फ एक गाना हो।' वहीं कुछ लोगों ने यह भी याद दिलाया कि भंसाली अक्सर सरप्राइज कैमियो को फिल्म रिलीज होने तक छुपाकर ही रखते हैं।

**भंसाली की कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं दीपिका पादुकोण**-अगर दीपिका पादुकोण इस फिल्म का हिस्सा बनती हैं, तो संजय लीला भंसाली के साथ यह उनकी चौथी बड़ी फिल्म होगी। इससे पहले भंसाली और दीपिका 'राम लीला', 'बाजीराव मस्तानी' और 'पद्मावत' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुके हैं।

बताते चलें कि 'लव एंड वॉर' संजय लीला भंसाली के सबसे बड़े प्रोजेक्ट्स में से एक है, जिसमें पहली बार आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विक्की कौशल की तिकड़ी एक साथ बड़े पर्दे पर दिखाई देगी। इस पीरियड ड्रामा फिल्म को लेकर घोषणा के बाद से ही दर्शकों में भारी क्रेज बना हुआ है।

# टेलीविजन की एक्ट्रेस निया शर्मा को मिला हमसफर

**निया** शर्मा टेलीविजन की बोल्ड और लोकप्रिय एक्ट्रेस हैं। निया अपने ग्लैमरस और बोल्ड लुक से लोगों के होश उड़ाना जानती हैं। इन दिनों वो मालदीव में वेकेशन एंजॉय कर रही हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर मालदीव वेकेशन की तस्वीरें और वीडियोज शेयर किए हैं। इंस्टाग्राम फोटोज के जरिए उन्होंने अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड सिकंदर सिंह को सॉफ्ट लॉन्च किया है। इसके बाद उनके रिलेशनशिप की चर्चा होने लगी है। एक तस्वीर में दोनों साथ में ड्रिंक्स एंजॉय करते दिखे, जबकि दूसरी में सिकंदर निया का हाथ थामे हुए नजर आए। एक और फोटो में दोनों को मालदीव के रिसॉर्ट स्टाफ के साथ पोज देते हुए देखा गया, जहां वे छुट्टियां मना रहे थे। इन क्यूट पलों के साथ निया ने बीच से अपनी ग्लैमरस तस्वीरें भी शेयर कीं। सफेद कट-आउट स्विमसूट में वो समंदर किनारे आराम करती और रिसॉर्ट में साइकिल राइड का आनंद लेती दिखीं। सिकंदर सिंह के बारे में ज्यादा जानकारी सार्वजनिक नहीं है, लेकिन माना जाता है कि उनके एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से कुछ कनेक्शन हैं। इस साल की शुरुआत में सिकंदर ने प्रोड्यूसर निखिल द्विवेदी की फिल्म बंदर को लेकर एक पोस्ट शेयर किया था, जिसका निर्देशन अनुराग कश्यप ने किया है। निया की बात करें, तो उन्हें आखिरी बार कलर्स के शो लाफ्टर शेफ्स सीजन 3 में देखा गया था। शो खत्म होने के बाद वो वेकेशन एंजॉय कर रही हैं।

# अमीषा पटेल
## आधी उम्र के लोग डेट पर ले जाना चाहते हैं...



**अमीषा** पटेल आज भी सिंगल हैं और अपनी लाइफ जी भर कर जी रही हैं। अमीषा ने अपने टूटे हुए रिश्ते और आगे शादी न करने को लेकर एक बार फिर से बात की है।

**मैं अकेली रहकर बेहद खुश हूं।**
अमीषा ने कम शब्दों में जवाब दिया और सोशल मीडिया पर लिखा, कभी नहीं। मैं अकेली रहकर बेहद खुश हूं। हमारी 100 क्लोज फैमिली और फ्रेंड्स हैं जो मुझसे प्यार करते हैं। मैं ये नहीं झेल सकती कि एक आदमी मेरी लाइफ में आए और ये सबकुछ बदल डाले।

**एक बार अपने सीरियस रिलेशनशिप को तोड़ दिया**
वहीं रणवीर अल्लाहबादिया के यूट्यूब पॉडकास्ट के दौरान एक्ट्रेस ने बताया था कि उन्होंने एक बार अपने सीरियस रिलेशनशिप को इसलिए तोड़ दिया क्योंकि उनके साथी को उनके फिल्म इंडस्ट्री में काम करने को लेकर असहजता थी।

**करियर के लिए बहुत कुछ खोया है**
उन्होंने कहा, जो लोग आपसे प्यार करते हैं, वे आपके करियर को आगे बढ़ने देते हैं। मैंने अपने करियर के लिए बहुत कुछ खोया है और प्यार के लिए भी बहुत कुछ खोया है। मैंने दोनों चीजों को एक-दूसरे के लिए कुर्बान किया है और मुझे लगता है कि मैंने दोनों से सीखा है। उदाहरण के लिए, फिल्मों में आने से पहले मेरा एक सीरियस रिश्ता था।

**मेरे पार्टनर को पब्लिक में रहने वाली कोई महिला पसंद नहीं थी**
उन्होंने अपने इस रिश्ते के बारे में बातें करते हुए कहा था, वह साउथ मुंबई के एक बहुत बड़े बिजनेसमैन फैमिली से थे, बिल्कुल मेरे परिवार की तरह। हमारा बैकग्राउंड और एजुकेशन एक जैसा था और फैमिली भी एक जैसी थी। सब कुछ ठीक था लेकिन जब मैंने फिल्म इंडस्ट्री में जाने का फैसला किया तो पता लगा कि मेरे पार्टनर को पब्लिक में रहने वाली कोई महिला पसंद नहीं थी और इसलिए मैंने प्यार के बजाय अपने करियर को चुना। वह साउथ मुंबई के एक बहुत बड़े बिजनेसमैन फैमिली से थे, बिल्कुल मेरे परिवार की तरह। हमारा बैकग्राउंड और एजुकेशन एक जैसा था और फैमिली भी एक जैसी थी। सब कुछ ठीक था लेकिन जब मैंने फिल्म इंडस्ट्री में जाने का फैसला किया तो पता लगा कि मेरे पार्टनर को पब्लिक में रहने वाली कोई महिला पसंद नहीं थी

**मुझसे आधी उम्र के लोग भी मुझे डेट पर ले जाना चाहते हैं**
एक्ट्रेस ने यह भी कहा था कि उन्होंने शादी की संभावना को पूरी तरह से इनकार नहीं किया है। उन्होंने कहा था, मैं शादी के लिए पूरी तरह तैयार हूं, बशर्ते मुझे कोई योग्य व्यक्ति मिल जाए। कहते हैं ना- जहां चाह होती है, वहां राह होती है। इसलिए जो भी मुझे हर मुश्किल से पार करते हुए पा लेगा वो मौके पर चौका मार लेगा, वही मेरा जीवनसाथी होगा। मुझे अब भी कई संपन्न परिवार से प्रपोजल मिलते हैं। मुझसे आधी उम्र के लोग भी मुझे डेट पर ले जाना चाहते हैं और मैं इसके लिए तैयार हूं क्योंकि एक पुरुष को मानसिक रूप से मैयोर होना चाहिए। मैंने कई ऐसे लोगों से मुलाकात की है जो मुझसे उम्र में बड़े हैं लेकिन उनकी बुद्धि मक्खी के बराबर है।
मैं शादी के लिए पूरी तरह तैयार हूं, बशर्ते मुझे कोई योग्य व्यक्ति मिल जाए। कहते हैं ना- जहां चाह होती है, वहां राह होती है। इसलिए जो भी मुझे हर मुश्किल से पार करते हुए पा लेगा वो मौके पर चौका मार लेगा, वही मेरा जीवनसाथी होगा।

**मैं ऐसी इंसान हूं, जो अपना दिल खोलकर रखती हूं**
बता दें कि पिछले कुछ वर्षों में एक्ट्रेस का नाम कई लोगों के साथ जोड़ा गया है, लेकिन उनका सबसे चर्चित रिश्ता 2000 के दशक की शुरुआत में फिल्म निर्माता विक्रम भट्ट के साथ रहा था। दोनों का रिश्ता करीब 5 साल तक साथ रहने के बाद टूट गया था। वहीं, विक्रम भट्ट से ब्रेकअप के बाद अमीषा लंदन के रहने वाले बिजनेसमैन कनव पुरी को डेट करने लगी थीं। मैं ऐसी इंसान हूं, जो अपना दिल खोलकर रखती हूं। मुझे लगता है कि मेरी जिंदगी की यही सबसे बड़ी कमी रही है। मेरी जिंदगी के दो ही रिश्ते थे, जो पब्लिक हुए थे और उनकी वजह से मेरे करियर पर बहुत बुरा असर पड़ा।